Gram "RED CROSS" THROUGH HUMANITY TO PEACE Phone 0522-2231672
Fax 0522-2625159

# Indian Red Cross Society

Shri Suresh Kumar Srivastava
(MLA)
Chairman
Dr. Shyam Swaroop
Genral Secretary
Ex. Director Balrampur Hospital, Lko.

U.P. STATE BRANCH
(CONSTITUTED UNDER ACT XV OF 1920)
President
H.E THE THE GOVERNOR OF U.P

"Red Cross Bhawan"
Raja Nawab Ali Road
Opp. Kaiserbagh Bus Station
Post Bag No. - 1,
Lucknow-226 001

Ref. No. IRCS/ 181/ Date 18-3-2020

**प्रेस विज्ञप्ति** दिनाक– 18.03.2020

इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी राज्य शाखा उत्तर प्रदेश की कैसरबाग स्थित रेडक्रास भवन मे दिनाक 18.03.2020 को करोना वायरस पर एक आपात कालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के सभापति श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, विधायक पश्चिमी क्षेत्र, लखनऊ ने की। उक्त बैठक मे विभिन्न जिलो से आये पदाधिकारियो ने भाग लिया। बैठक मे करोना वायरस के सम्बन्ध मे लोगो को जागरूक करने के लिये 12 सदस्यी टीम का गठन किया गया,जो सभी जनपदो मे इस भयावाह महामारी से बचने के उपाय बताने के साथ–साथ जनता को जागरूक करने का कार्य करेगी तथा जनपदो मे रेडक्रास सदस्यो एव स्वयसेवको को भी प्रशिक्षित करेगी।

बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया कि दिनाक 23 मार्च,2020 को उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद मे रेडक्रास शाखाओ द्वारा **सेनिटाइजर,मास्क एव साबुन का निःशुल्क वितरण** किया जायेगा। सभापति श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लखनऊ मे भी जनता को जागरूक करने का कार्य रेडक्रास स्वयसेवको द्वारा किया जा रहा है। उप सभापति डा0 हिमा बिन्दु नाईक ने अपने सम्बोधन मे कहा कि इस महामारी से बचने के लिये साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता है और नियमित रूप से अपने हाथो को 20 सेकेण्ड तक धोये एव जरूरत पडने पर ही घर से बाहर निकले।

संस्था के महा सचिव डा0 श्याम स्वरूप ने बताया कि करोना वायरस से घबराने की जरूरत नही है बस जागरूक एव सतर्क रहने की आवश्यक्ता है और अफवाहो से बचे। उक्त बैठक मे सभापति श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव,उप सभापति डा0 हिमा बिन्दु नाईक,महा सचिव डा0 श्याम स्वरूप,कोषाध्यक्ष श्री वी. एन.माथुर, श्री संजीव मेहरोत्रा, सचिव, सीतापुर,श्री अखिलेन्द्र शाही सचिव देवरिया,डा0 रविन्द्रनाथ सचिव,लखीमपुर खीरी,श्रीमती पूनम जयाल आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करे :–
मोबाइल नम्बर
1. श्री जार्ज बेक–7007632878
2. श्री रजनीश शर्मा–7408642150

भवदीय,

( डा0 श्याम स्वरूप )
महा सचिव